शिवराज जसुरिया गैंग के मुख्य सरगना सहित दो बदमाश दबोचे

पुलिस ने आरोपियों के पास से दो पिस्टल, चार मैग्जीन एवं चार जिन्दा कारतूस सहित दो दुपहिया वाहन जब्त किए है

जयपुर। पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत चित्रकूट इलाके में कार्रवाई करते हुए जयपुर शहर में बड़ी वारदात करने के फिराक में घूम रहे शिवराज जसुरिया गैंग के मुख्य सरगना इनामी बदमाश सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से दो पिस्टल, चार मैग्जीन एवं चार जिन्दा कारतूस सहित दो दुपहिया वाहन जब्त किए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

- **आरोपी जयपुर शहर में बड़ी वारदात करने के फिराक में गुजरात से आये हुए थे**

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश विश्नोई ने बताया कि सीएसटी ने आरोपी भगवान सिंह ततारपुर उर्फ भगसा (28) निवासी ततारपुरा गांव तहसील मकराना गच्छीपुरा जिला नागौर और दीपांशु कुमावत उर्फ दीपू (23) निवासी करधनी जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी भगवान सिंह पर करधनी में 5000 रुपये का ईनाम घोषित किया हुआ है। सीएसटी क्राइम ब्रांच के कॉन्स्टेबल अजय कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि बिजू गुलाब बाड़ी मर्डर में वांछित इनामी बदमाश अपने साथी के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने जयपुर आया है। क्राइम ब्रांच की टीम ने चित्रकूट थाना पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई कर घेराबंदी कर दोनों बदमाशों को पकड़ लिया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 पिस्टल, 4 मैगजीन एवं 4 जिन्दा कारतूस सहित परिवहन में प्रयुक्त 2 दुपहिया वाहन भी जब्त किये है। आरोपी के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, अवैध शराब एवं हथियार के कुल 11 प्रकरण दर्ज है। आरोपी शिवराज जसुरिया गैंग के सदस्य है। यह लोग जयपुर शहर में बड़ी वारदात करने के फिराक में गुजरात से जयपुर आये हुए थे। पूछताछ में आरोपियों ने अवैध हथियार मध्यप्रदेश निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ रोशन से 15 हजार-15 हजार रुपयें में खरीदकर लाना बताया है।

वहीं गिरफ्तार आरोपित दीपांशु कुमावत उर्फ दीपू करधनी का धारा 302 का अपराधी है। आरोपी भगवान सिंह ततारपुर उर्फ भगसा फरारी के दौरान अपने खर्चे के लिये लोगों को डरा धमका कर रुपये वसूलता था। गिरफ्तार आरोपियों से अवैध हथियार व अन्य वारदातों के खुलासे की संभावना है, जिसके संबंध में पूछताछ की जा रही है।

जयपुर हवाई अड्डे पर फिर उतरे यूएई के विमान

जयपुर। जयपुर के सांगानेर अंतरराष्ट्रीय हवाईअडडे पर एक बार फिर शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई वायु सेना के नौ विमानों की अचानक लैंडिग हुई। इसमें 24 से अधिक वायुसेना अधिकारी सवार थे। यह भी यूएई वायु सेना के कार्गो विमान बताए जा रहे हैं। जानकारी में आया है कि यह विमान किसी एयर शो में भाग लेने गए थे। उसके बाद वहां से लौट रहे विमानों ने जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअडडे पर लैडिंग की।

इससे पहले 15 मई को भी इसी तरह से जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअडडे पर यूएई वायु सेना के 8 विमानों की अचानक लैंडिंग हुई थी। उस समय इन्हें अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अडडे पर इन्हें पार्किंग के लिए जगह नहीं मिली। इसके बाद आनन फानन में इन्हें जयपुर के लिए मोड़ दिया गया। इसके बाद यह दूसरे दिन 16 मई की सुबह 6:30 बजे यह विमान अहमदाबाद लौट गए।

माली महासंगम की तैयारियां अंतिम चरण में

जयपुर। प्रदेश में भाजपा व कांग्रेस दोनों पार्टियों से 20-20 टिकट की मांग व माली समाज को उचित प्रतिनिधि प्रतिनिधित्व, ज्योति राव फुले को भारत रत्न सम्मान सहित अनेक मांगों को लेकर राजधानी जयपुर में 4 जून को होने वाले महासंगम की तैयारी पूर्ण कर ली गई है

माली महासंगम कार्यक्रम के प्रवक्ता राहुल तंवर ने बताया कि महासंगम की तैयारी को लेकर शुक्रवार को मुहाना मंडी में एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व कृषि मंत्री प्रभु लाल सैनी ने कहा कि दोनों पार्टियां भाजपा व कांग्रेस राजस्थान में माली सैनी समाज को आने वाले विधानसभा चुनाव में उचित राजनीतिक प्रतिनिधि दें जिससे समाज का विकास हो सके महासंगम में राजस्थान ही नहीं राजस्थान के बाहर से भी समाज के बंधु जुटेंगे इस महासंगम में 5 लाख समाज बंधुओं की आने की उम्मीद है जिसको लेकर विद्याधर नगर स्टेडियम में तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं।

जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में चार जून को माली समाज के होने वाले सम्मेलन का पोस्टर विमोचन किया गया।

सी.एल.सैनी ने कहा कि समाज को एक साथ जाजम पर आना चाहिए ओर अपनी एकता का परिचय देना चाहिए। इस अवसर पर राजस्थान माली महासभा के अध्यक्ष छुटटन लाल सैनी कहा कि माली महासंगम कार्यक्रम को सफल बनाने का को कहा और समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने के लिए प्रेरित किया नगर निगम के राम सिंह सैनी ने माली महासंगम कार्यक्रम ऐतिहासिक होने की बात कही। इस अवसर पर राजस्थान माली महासभा के प्रदेश महामंत्री मनोज अजमेरा कोषाध्यक्ष सागर मावर, पूर्व चेयरमैन नगर निगम रत्न खडोलिया, पूर्व चेयरमैन ज्ञान चंद सैनी गुलाब चंद इन्दौरा महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान के पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल पवाँर जयपुर ज़िला माली सैनी समाज अध्यक्ष , रोशन सैनी राजरतन राजोरिया युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष राकेश सैनी व ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष बंसी सैनी दुर्गा लाल सैनी शंकर सैनी आदि समाज के वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर महासम्मेलन के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

मोटिवेशनल स्पीकर हर्षवर्धन जैन रामाज रिसोर्ट पहुंचे

जयपुर। सक्सेसफुल नेटवर्कर, मोटिवेशनल स्पीकर और यू ट्यूबर हर्षवर्धन जैन अपनी फ़ैमिली के साथ रामाज रिसोर्ट में नाईट स्टे किया और रिसोर्ट की सुविधा का आनंद लिया।

रामाज रिसोर्ट के मालिक सोहित टेलर और मैनेजर महेंद्र मीणा ने बताया इन्होंने अपनी फ़ैमिली के साथ और रामाज फ़ैमिली के साथ यहाँ पर क्रिकेट खेला और डिनर का मज़ा लिया। हर्षवर्धन और उनकी फ़ैमिली ने रामाज रिसोर्ट के खाने को खूब सराहा।

रामाज की पूरी टीम के साथ फोटो ठाफ़ी करवाया। रामाज रिसोर्ट को जयपुर कोटा हाईवे का बेस्ट रिसोर्ट बताया। और रामाज रिसोर्ट में अपकमिंग नये 150 रूम 2 गार्डन, जिम, क्लब, डिस्को जो बन रहा है उसके लिए अग्रिम बधाई दी।

3 ट्रक सामान जब्त किया

जयपुर। नगर निगम जयपुर हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर के निर्देश पर शुक्रवार को अस्थायी अतिक्रमण दस्ते मय पुलिस जाप्ता के द्वारा उपायुक्त सतर्कता मनीषा यादव के निर्देशन में बडी चौपड, सांगानेरी गेट, घाट गेट, ट्रांसपोर्ट नगर, जवाहर नगर आदि स्थानों पर जाकर अतिक्रमण करने वालों कडी कार्रवाई की।

उपायुक्त सतर्कता मनिषा यादव ने बताया कि अतिक्रमण दस्ते ने कार्रवाई के दौरान 03 ट्रक सामान जब्त कर जनता मार्केट गोदाम में जमा करवाया गया साथ ही उन्होंने कहा कि भविष्य में भी अतिक्रमण करने वालों पर और भी कडी कार्रवाई करने हेतु निगम तत्पर रहेगा।

महापौर ने कहा कि जयपुरवासियों व पर्यटकों के लिए निगम हैरिटेज क्षेत्र में अतिक्रमण संबंधी समस्याओं का निवारण करने हेतु निगम प्रतिबद्ध है एवं शहर को स्वच्छ, अतिक्रमण मुक्त क्षेत्र व सुविधाजनक व्यवस्था बनाये जाने हेतु निगम निरंतर रूप से अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने बताया कि निगम का अतिक्रमण दस्ता निरंतर रूप से परकोटे में जा रहा है।

फ्यूचर सस्टेनेबिलिटी रोडमैप पर कॉन्फ्रेंस का आयोजन 5 जून को

उद्योगों में कार्बन न्यूट्रेलिटी को लेकर चर्चा होगी

जयपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संयुक्त रूप से होटल आईटीसी राजपूताना, जयपुर में सुबह 9.30 बजे से कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। थिंक ग्रीन एंड एम्ब्रेस ग्रीन- कॉन्फ्रेंस ऑन फ्यूचर सस्टेनेबिलिटी रोडमैप विषय पर आयोजित होगी।

इसके माध्यम से भविष्य के लिए ग्रीन और सस्टेनेबल वर्कप्लेस तैयार करने पर गहन जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही कॉन्फ्रेंस में पर्यावरण और सस्टेनेबिलिटी के प्रभाव, ठाीनको रेटिंग और इसके लाभ, ग्रीन बिल्डिंग्स, वॉटर वेस्ट मैनेजमेंट, प्लास्टिक वेस्ट और इसका उचित निपटान, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और इसके निपटान पर भी प्रकाश डाला जाएगा।

उद्योग और सरकार के वरिष्ठ विषय विशेषज्ञ कॉन्फ्रेंस के विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे। जिनमें राजस्थान लघु उद्योग निगम के चेयरमैन, राजीव अरोडा; राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरपर्सन, नवीन महाजन; सीआईआई राजस्थान के चेयरमैन और मनु यंत्रालय प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, अभिनव बंथिया; सीईओ-न्यू मोबिलिटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, नितिन सेठ; हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, सीईओ और डब्ल्यूटीडी, अरुण मिश्रा; क्षेत्रीय निदेशक- पश्चिमी क्षेत्र, केंद्रीय भूजल बोर्ड, पी के त्रिपाठी शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, लूथरा ग्रुप के निदेशक, प्रियेश भाट्टी; इंडो एनवायरो इंटीग्रेटेड सॉल्यूशंस लिमिटेड के उपाध्यक्ष (कंस्ट्रक्शन और डिमोलिशन), अनुराग जैन; ग्रीनस्केप इको मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के वाइस चेयरमैन, डॉ. अशोक कुमार; सीआईआई-आईटीसी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट, डिप्टी हेड- सीईएसडी, शिखर जैन; सीआईआई-ग्रीन बिजनेस सेंटर, उप कार्यकारी निदेशक, मुथुसेझियान एन; ग्रेविटा इंडिया लिमिटेड, कार्यकारी निदेशक, नवीन शर्मा; स्मार्ट ऑर्बिटर्स, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, कैलाश निंबालकर और टेरा फ़र्मा कंसल्टेंसी सर्विसेज चेन्नई, पार्टनर और टेकनीकल हेड, वी राजेश भी सत्रों को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर सीआईआई राजस्थान के वरिष्ठ निदेशक एवं स्टेट हेड, नितिन गुप्ता भी उपस्थित रहेंगे। कॉन्फ्रैंस के दौरान कई विषयों पर चर्चा की जाएगी, इनमें उद्योग में कार्बन न्यूट्रेलिटी प्राप्त करने के लिए स्ट्रैटेजी, इनोवेशन इन सस्टेनेबल मैन्यूफैक्चरिंग एंड प्रोडक्शन प्रोसेस, एनवायरमेंटल सोशल गवर्नेंस (ईएसजी), कार्बन फुटप्रिंट्स को कम करना, प्लास्टिक रीसाईक्लिंग में इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी आदि विषय शामिल हैं।

सार-समाचार

नर्सेज ने रक्तदान कर सेवा दिवस मनाया

जयपुर। आयोजन समिति राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के तत्वावधान में नर्सेज ने रक्तदान महादान का राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव गहलोत के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा दिवस के रूप में मनाया। आयोजन समिति के चैयरमेन एवं आरएनसी के रजिस्ट्रार डॉ. शशिकान्त शर्मा ने बताया कि एस.एम.एस अस्पताल परिसर के जे एम ए सभागार में वैभव गहलोत के जन्मदिवस के अवसर पर 7वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं पक्षियों के परिण्डे बांधकर सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। डॉ. शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में वैभव गहलोत ने शिरकत की। शशिकान्त शर्मा एवं मिथलेश टांक ने बताया कि 108 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ और 501 परिण्डे बांधे गये। इस अवसर पर राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के अध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी, महासंघ के अध्यक्ष राजेन्द्र राणा, टीएनएआई के सचिव डॉ. योगेश यादव, जावेद अख़्तर नकवी , पवन मीणा आदि उपस्थित रहे।

फंदा लगाकर युवक ने की आत्महत्या

जयपुर। राजधानी के हरमाड़ा इलाके में गुरूवार देर रात को फंदा लगाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। वहीं पुलिस ने मृतक के पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की बात से इंकार किया है। पुलिस आत्महत्या करने के कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक रामकृपाल (28) मूलत: उत्तर प्रदेश का रहने वाला था और वह हरिहर विहार विस्तार में पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहता था। हरमाड़ा हाट बाजार में सब्जी का ठेला लगाता था। रामकृपाल शराब पीने का आदी था। गुरुवार रात शराब के नशे में वह घर लौटा। घर लौटने के बाद कमरा लॉक कर मोबाइल पर बात करने लगा। पत्नी के गेट को खोल कर खाना खाने की कहने पर मना कर दिया। कई बार गेट खोलने की कहने पर पत्नी को मना कर सोने की कहकर भेज दिया। देर रात तक मोबाइल पर बात करता रहा। जिसके बाद कपड़े का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह रामकृपाल को जगाने के लिए गेट खटखटाया। काफी आवाज लगाने और गेट खटखटाने के बाद भी अंदर से कोई जबाव नहीं मिला। संदेह होने पर पड़ोसियों को बुलाया। कमरे की छत के पास लगे रोशनदान की खिड़की से अंदर देखने पर रामकृपाल फंदे से लटका मिला। आत्महत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया।

बाल साहित्य अकादमी ने आवेदन मांगे

जयपुर। बाल साहित्य लेखन को बढ़ावा देने व लेखकों के प्रोत्साहन के लिए जयपुर स्थित पं. जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी की ओर से विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में अकादमी द्वारा विभिन्न श्रेणियों में कुल 16 पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। पुरस्कार योजनान्तर्गत सत्र 2023-24 के लिए अकादमी की ओर से प्रस्ताव आमंत्रित किये गए हैं। आवेदक 28 जून तक अकादमी में पुस्तक प्रेषित कर सकते हैं। आवेदक राजस्थान का मूल निवासी होना चाहिए।

सरकार को नोटिस जारी किया

जयपुर। नर्सिंग और पैरामेडिकल भर्ती प्रक्रिया में अनुभव की गणना आवेदन की अंतिम तिथि तक करने की मांग को लेकर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस सुदेश बंसल की एकल पीठ ने गिरीश शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को नोटिस जारी कर जबाव मांगा है। अदालत ने प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, संयुक्त सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को जवाब तलब किया है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट में अनुभव की गणना आवेदन की अंतिम तिथि तक किए जाने के संबंध में अपील की थी। जिससे हजारों की संख्या में वंचित नर्सेज और पैरामेडिकल कर्मियों को भर्ती में शामिल होने का मौका मिल सके।

रीट मेंस लेवल-2 का रिजल्ट जारी

जयपुर। शिक्षक भर्ती परीक्षा (रीट मेंस) लेवल-2 का रिजल्ट शुक्रवार को जारी कर दिया गया। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने इसके लिए परीक्षा करवाई थी। बोर्ड ने 4712 हजार पदों के लिए दोगुना अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया है। डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन और जिला आवंटन के बाद 4000 अभ्यर्थियों को नॉन टीएसपी (ट्राइबल सब प्लान) क्षेत्र जबकि 712 अभ्यर्थियों को टीएसपी क्षेत्र में पोस्टिंग दी जाएगी। पोस्टिंग अगस्त तक मिलेगी। लेवल-2 के शेष 7 सब्जेक्ट का रिजल्ट 15 जून तक आने की सम्भावना है। लेवल-1 का रिजल्ट कर्मचारी चयन बोर्ड ने 26 मई को जारी कर दिया था। इसमें 21 हजार पदों के लिए कुल 41,546 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया था।

दो महिलाओं सहित चार तस्कर गिरफ्तार

- **पुलिस ने कानोता, विद्याधर नगर, करधनी एवं खोह-नागोरियान इलाके में कार्रवाई कर आरोपियों को दबोचा।**
- **आरोपियों से स्मैक, गांजा एवं डोडा पोस्त सहित हजारों की नकदी बरामद की**

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ कानोता, विद्याधर नगर, करधनी एवं खोह-नागोरियान इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाली दो महिलाओं सहित चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से 1 ग्राम 840 मिली ग्राम स्मैक, 1 किलो 100 ग्राम गांजा एवं 2 किलों 380 ग्राम डोडा पोस्त एवं 7 हजार 770 रुपये बरामद किए गए है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) ज्येष्ठा मैत्रयी ने बताया कि सीएसटी ने ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ कानोता, विद्याधर नगर, करधनी एवं खोह-नागोरियान थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए महिला तस्कर सुनीता देवी (40) निवासी मीना पालडी खोह-नागोरियान जयपुर, पिन्टू सांसी (41) निवासी लक्ष्मणगढ़ जिला सीकर हाल बापू कच्ची बस्ती विद्याधर नगर जयपुर, अशोक सांसी (30) निवासी बगराना कानोता जयपुर और श्रवण कुमार बिश्नोई (24) निवासी बाण्ड जिला बाड़मेर हाल सूर्य नगर करधनी जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से 1 ग्राम 840 मिली ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक, 1 किलो 100 ग्राम गांजा एवं 2 किलों 380 ग्राम डोडा पोस्त एवं बिक्री राशि 7 हजार 770 रुपये बरामद किए गए है।

गिरफ्तार आरोपी स्मैक झालावाड से स्वयं जाकर 2 हजार रुपये के हिसाब से लाकर छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर जयपुर में कच्ची बस्ती व आसपास रहने मजदूर को बेचता है। वहीं गिरफ्तार महिला आरोपित पिन्टू सांसी और सुनीता देवी गांजे की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बस्ती व आसपास रहने मजदूरों को बेचती है। साथ ही गिरफ्तार आरोपी श्रवण कुमार बिश्नोई निवारु रोड पर किराये के कमरे मे रहकर स्टील की रेलिंग बनाने का कार्य करता है। वह स्वयं ही ट्रेन से मध्यप्रदेश जाकर 1 हजार 800 रुपये किलोग्राम के हिसाब से डोडा पोस्त लाकर आसपास में ट्रक व बस ड्राइवरों को छोटी-छोटी मात्रा में सप्लाई करता है। गिरफ्तार आरोपियों से मादक पदार्थों के सप्लायर एवं खरीददार के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

अनुभव प्रमाण जारी करने के निर्देश

जयपुर। प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने देश में चिकित्सा सेवाओं में अपनी सेवाएं दे चुके स्वास्थ्य कार्मिकों को समय पर अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य निदेशक डॉ.रवि प्रकाश माथुर की अध्यक्षता में शुक्रवार को इस संबंध में स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गयी। डॉ. माथुर ने बताया कि बजट घोषणा 2023-24 में घोषित नवीन 15 जिलों में जिलास्तरीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ करने के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने आवश्यक दिशा-निर्देश द्वारा जारी कर दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि सभी संबंधित अधिकारियों को जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार यथा शीघ्र व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने चिकित्सा संस्थानों में 7 साल से अधिक अवधि से अनुपयोगी नाकारा वाहनों अन्य कंडम सामग्री का चिन्हीकरण कर नियमानुसार इनके निस्तारण की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।

किसान नेता ओम तंवर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

जयपुर। मुहाना मण्डी परिसर के ओम तंवर सब्ज़ी ब्लॉक मे पूर्व अध्यक्ष किसान नेता स्व. ओम तंवर की 7वीं पुण्यतिथि के कार्यक्रम आयोजन हुआ । कार्यक्रम के आयोजक व मुहाना सब्ज़ी मंडी अध्यक्ष राहुल तंवर ने बताया कि हर वर्ष भाँति इस वर्ष भी पूर्व अध्यक्ष किसान नेता ओम तंवर जी पुण्यतिथि पर मुहाना मंडी परिसर में श्रद्धांजलि सभा हुई।

श्रद्धांजलि सभा में मंडी के व्यापारियों एवं किसानों ने भाग लिया।विभिन्न समाजिक संस्थाओं से जुडे व्यक्ति भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

ओम तंवर संघर्षशील नेता रहे जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन किसानों मज़दूर व व्यापारियों के अधिकारो हितों के संघर्ष किया । समाज को मुख्यधारा में जोडने का प्रयास किया मंडी के विकास में उनके योगदान भुलाया नहीं जा सकता है । ओम तवर ने अपना संपूर्ण जीवन समाज को समर्पित करते हुए किसानो व मज़दूरों के उत्थान में लगा दिया ।मुहाना मंडी के विकास से लेकर कई उल्लेखनीय कार्यों में तंवर का योगदान रहा है ।

आज मंडी का प्रत्येक व्यापारी किसान व मज़दूर अपने नेता को श्रद्धां सुमन अर्पित कर उन्हें याद करते हैं।

इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री प्रभु लाल सैनी राजस्थान प्रदेश माली महासभा के अध्यक्ष छुटटन लाल सैनी राम सिंह सैनी युवा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भूपेन्द्र सैनी माँगी लाल पंवार ,सी एल सैनी , युवा कांग्रेस जयपुर शहर अध्यक्ष राकेश सैनी व जयपुर ग्रामीण के अध्यक्ष बंसी सैनी कर्मचारी नेता सूरज टाँक जयपुर ओबीसी कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील सैनी युवा नेता विक्रम सैनी नगर निगम के पूर्व चेयरमैन रतन खडोलिया राजस्थान माली महासभा के महामंत्री मनोज अजमेरा कोषाध्यक्ष सागर मावर जयपुर ज़िला माली सैनी समाज के रोशन सैनी सहित कई नागरिक उपस्थित रहे ।

गलता कुंड में डूबने से युवक की मौत

जयपुर। गलता के महिला कुंड में डूबने से एक युवक की शुक्रवार को मौत हो गई। मृतक की पहचान 25 वर्षीय मुकेश कोली के रूप में हुई। मृतक रामगंज इलाके में कोली काठियान का रहने वाला था। दोपहर में वह करीब 2 बजे अपने आधा दर्जन दोस्तों के साथ गलता कुंड में नहाने आया था। इसी दौरान ऊंचाई से कूदने पर मुकेश पानी में नीचे जा फंसा जहां सम्भवतय उसके शरीर पर चोट लगने से वह दोबारा ऊपर नहीं आया। इस पर उसके दोस्तों ने भी उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन मृतक के शव को वह बाहर नहीं निकाल सके।

लोगों ने इस पर पुलिस कंट्रोल रूम को शाम 6 बजे घटना की जानकारी दी। इसके बाद सिविल डिफेंस की टीम को मौके पर भेजी गई। 10 मिनट के सर्च के बाद सिविल डिफेंस की टीम ने मृतक युवक मुकेश को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिवार के लोगों को पुलिस की ओर से घटना की जानकारी दे दी गई है। पुलिस ने शव को अस्पताल के मोर्चरी में पहुंचाने के लिए एंबुलेंस को सूचना दी। बार-बार फोन करने के बाद भी जब एंबुलेंस नहीं पहुंची। जिससे लोगों में काफी गुस्सा नजर आया। हालात पर काबू करने के लिए पुलिसकर्मियों ने एक ट्रक को इंतजार करके शव को रवाना किया। मुकेश के शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। शनिवार को मेडिकल बोर्ड से मृतक का पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को मुकेश के परिवार में ताई का निधन हुआ था। अंतिम संस्कार के बाद वह लोगों के साथ देर शाम को गलता कुंड में स्नान करने गया था। जहां पर उसने ऊंचाई से छलांग लगाई थी। जिससे वह कुंड में डूब गया।

अनुशासन ही पहली शर्त जिससे अदृश्य को जगाया जा सकता है: परमालय

जयपुर। नया दृष्टिकोण वाला शिविर में श्री भवानी निकेतन परिसर में शुक्रवार को आयोजित कैंप के दौरान परमालयजी ने विशेष सत्र में साधकों को संबोधित किया। इस दौरान मन क्या है, बुद्धि, भावना, विवेक व भाव क्या होते हैं, आदि पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कारण, कार्य और परिणाम पर बोलते हुए कहा कि बच्चे निशब्द पैदा होते हैं। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था पर ज्यादा जोर देते हुए कहा कि आदमी आज अधूरा ज्ञान प्राप्त कर रहा है। जिसे बेचैनी बढ रही है। जिससे डिप्रेशन में चला जाता है। पहले गुरुकुल होते थे, जिससे शिक्षा और विद्या दोनों का पूरा ज्ञान प्राप्त होता था। लार्ड मैकाले के शिक्षा व्यवस्था ने आज मन, बुद्धि और भावना को विकृत करके रख दिया है। सिर्फ ऊंचाइयों पर चढना और आरंभ को ध्यान में नहीं रखना ही विनाश का कारण बन रहा है। जिस प्रकार रटी हुई चीज विकास नहीं ला सकती है। परमालयजी ने विशेष सत्र में साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमने यदि एक भी समस्या के कारण को समझ लिया तो दूसरी समस्या आ ही नहीं सकती।

जयपुर में सीकर रोड़ स्थित भवानी निकेतन परिसर में चल रहे शिविर में शुक्रवार को परमालयजी ने विशेष सत्र में साधकों को संबोधित किया।

आदमी की नजर नीचे बहुत होती है वह ज्ञान को नहीं पहचानता और प्रयास को पहचान जाता है। पदार्थ को पहचानने वालों में बुद्धि नहीं होती। आज सीक्वेंस में शिक्षा नहीं देने के कारण परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं। मन अविकसित हैं, मन विकसित किया जाए, विकसित मन ही पढाई कर सकता हैं। अधूरा आदमी ज्यादा खराब होता है, मन को अविकसित करता है। हर चीज के लिए डिसिप्लिन जरूरी है। उपस्थित परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि मां बाप में डिसिप्लिन हो तो बच्चा भी डिसिप्लिन ही सीखेगा। परमालयजी ने कहा की भीड वहां होती है जहां दिमाग की संभावना ही नहीं होती। परिणाम को देखकर जो कार्य करेगा वह आदमी सफल होता हैं, अनुशासित व्यक्ति के मुंह से अनुशासित शब्द ही मुंह से निकलते हैं। जिस प्रकार बीच से भक्ति की जाए तो वह शक्ति प्रदान नहीं करती, ज्ञानी व्यक्ति ने हमेशा बेस से ही बोला है।

परम आलयजी ने माहेश्वरी पब्लिक स्कूल विद्याधर नगर में शाम को चंद्र नाडी के प्रयोग के साथ ही महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस दौरान उपस्थित साधकों ने आज बढती बीमारियों के कारण और निवारण पूछे।

परमालयजी जी शिविर के पांचवें दिन विचार विश्वास सपने कल्पना का क्या काम है हमारे जीवन में साधकों को संबोधित कर ब्रेन की अदृश्य शक्तियों को जागृत करने के साथ ही मन की अवचेतन शक्तियों पर सूत्र बताएंगे। शिविर से जुडे संजय महेश्वरी, परमानंद, कमल सोमानी, नरेंद्र बेद, राजेश नागपाल, आलोक तिजारिया ने बताया कि इस छह दिवसीय शिविर के अंतिम दिनों में परम आलयजी ब्रेन से जुडी शक्तियों को जगाने और विकसित करने पर प्रयोग करवाएंगे।

'सीजीएचएस के लिए अस्पतालों को पैनल में शामिल करें'

जयपुर। शुक्रवार को विद्याधर नगर स्तिथ सीजीएचएस कार्यालय में जयपुर सांसद रामचरण बोहरा की अध्यक्षता में सीजीएचएस क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई।

सांसद बोहरा ने केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की एवं मरीजों को चिकित्सा सुविधाओं में आ रही समस्याओं के संदर्भ में जरूरी निर्देश दिये। सांसद बोहरा ने कहा कि जो अस्पताल सीजीएचएस में पैनलब्ध होने के लिए आवेदन कर चुके है उन्हें तुरंत पैनल में शामिल किया जाए एवं सीजीएचएस में शमिल हुए नए अस्पतालों को आ रही है समस्या का निराकरण किया जाए। केंद्र सरकार द्वारा अस्पतालों को दी जा रही इलाज की राशि में जो वृद्धि की है उसका लाभ तुरंत अस्पतालों को दिया जाए। सांसद बोहरा ने बैठक में सीजीएचएस के लाभार्थियों की समस्याओं को भी सुना एवं जल्द से जल्द उनका निस्तारण करने के लिए कहा। सांसद बोहरा ने कहा कि जयपुर की हर विधानसभा क्षेत्र में सीजीएचएस का एक वैलनेस सेंटर बनना चाहिए, जिसके लिए जल्द प्रपोजल बनाकर भेजा जाए, जिससे सीजीएचएस के लाभार्थियों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़े।

सांसद बोहरा ने विद्याधर नगर स्तिथ सीजीएचएस वैलनेस सेंटर का निरीक्षण किया एवं वहां स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया एवं वहां मरीजों के बैठने की उचित व्यवस्था करने के लिए भी कहा।